महत्वपूर्ण एवं खास

वैज्ञानिक पदों के लिए भर्ती परीक्षा 11 को

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के द्वारा आयोजित वैज्ञानिक पदों हेतु भर्ती परीक्षा 11 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक रायपुर शहर के निर्धारित 21 परीक्षा केन्द्रों में संचालित किया जायेगा। इस परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर रूचि शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा।

नक्सलियों के लगाए आईईडी में विस्फोट से एक मवेशी की हुई मौत

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के गंगालूर मार्ग पर चेरपाल के नजदीक नक्सलियों के द्वारा लगाए गये आईईडी में विस्फोट होने से एक मवेशी की मौत हो गई है। नक्सलियों द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी लगाई गई थी लेकिन इस के आईईडी विस्फोट से एक मवेशी के मारे जाने से नक्सलियों के नापाक मंसूबा नाकामयाब हो गया। बीजापुर के एएसपी गोवर्धन ठाकुर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि विस्फोट से एक मवेशी की मौत हुई है। गौरतलब है कि इससे पहले जिले के उसूर थाना क्षेत्र के भूसापुर मार्ग पर गुरुवार शाम करीब सात बजे नक्सलियों के द्वारा लगाए प्रेशर बम की चपेट में आने से एक ग्रामीण महिला गंभीर रूप से घायल हुई है।

नौकरी लगाने का झांसा देकर 40 हजार से अधिक की ठगी

रायपुर (आरएनएस)। इंडिको एयर लाइंस में नौकरी लगाने का झांसा देकर युवती से 40600 रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया तीरथ बाई भारद्वाज 21 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी श्रुति शर्मा व काव्या वर्मा ने प्रार्थिया को इंडिको एयर लाइंस में नौकरी लगाने का झांसा देकर फोन पे के माध्यम से 5 बार 40600 रुपए आहरण कर लिया। जिसके बाद आरोपी महिलाओं ने अपना मोबाइल बंद कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। मेग्रेटो माल के पास पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मीनगर निवासी प्रार्थी सूरज दास 28 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि वह मेग्रेटो माल के गेट नंबर 4 के पास अपना गार्ड का ड्यूटी कर रहा था। तभी आरोपी मंदीप सिंह प्रार्थी के पास आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। निर्माणाधीन मकान में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मामले में गंज थाना पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रामप्रसाद यादव 22 वर्ष नारायणपुर जिला बेमेतरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह सुरेश कुमार पटेल के निर्माणाधीन मकान में टूल्लू पंप से दीवाल पर पानी डाल रहा था, तभी करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। जिससे पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने आरोपी ठेकेदार बलदाउ प्रसाद वर्मा के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मुख्यमंत्री ने राज्य के 33 वां जिला सक्ती का किया शुभारंभ

- "सक्ती को नए जिले के रूप में मिली नयी पहचान और शक्ति"
- मुख्यमंत्री ने 153 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की दी सौगात
- जिले के विकास के लिए 03 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि देने की भी की घोषणा

रायपुर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज सक्ती में ऐतिहासिक भीड़ के बीच नवगठित इस जिले का शुभारंभ कर 15 अगस्त 2021 को सक्ती को जिला बनाए जाने के अपने वायदे को पूरा किया। उन्होंने प्रदेश में सक्ती को 33 वें जिला के रूप में अस्तित्व में लाते हुए इस जिले को 153 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर इस नए जिले के विकास के लिए 3 करोड़ की अतिरिक्त राशि स्वीकृत किए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सक्ती जिले को विकास की राह में आगे बढ़ाने और प्रशासनिक गतिविधियों को संचालित करने के साथ आम नागरिको की सहूलियतों का ख्याल रखते हुए सक्ती को एक नये जिले के रूप में अलग शक्ति भी दी। मुख्यमंत्री बघेल से मिली सौगातों के बाद सक्ती वासियों ने मुख्यमंत्री का मंच पर जोरदार अभिवादन किया और उनके लिए नारे लगाते हुए खूब तालियां बजाई। मुख्यमंत्री ने नया जिला बनने पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं भी दी।

साकार हुआ पुरखों का सपना, बनेगी नई पहचान- मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि जिला निर्माण का वादा आज पूरा हो गया है। सक्ती जिले की एक नई पहचान बन गई है। पुरखों द्वारा देखे गए सपने साकार हो गए हैं और एक सुघर छत्तीसगढ़ विकास की राह में भी आगे बढ़ रहा है। सक्ती जिला बनने के पश्चात इस जिले के लोगों की समस्याओं का अंत होने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ही कार्य काल में राज्य से 85 तहसील और नए अनुविभाग के साथ नये जिले बने। इससे आम नागरिकों की सहूलियतें बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निर्माण भी शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

शिक्षा,स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहा है बदलाव- मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ व्यक्ति एक विकास की इकाई है। हमने प्रदेश की जनता के विकास के लिए योजनाएं बनाई है। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 279 स्वामी आत्मानन्द विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। आने वाले शिक्षा सत्र में 422 नए स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित किए जाएंगे। कुल 701 विद्यालयों के संचालन से शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन होगा। इसी तरह कुपोषण को दूर करने मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के दिशा में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, हाट बाजार क्लीनिक योजना से लोगों का उपचार हो रहा है।

आपकी दीपावली अच्छे से मने, इसके लिए राशि पहले देने की कोशिश करेंगे- मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि किसानों के ऋण माफी के अलावा धान खरीदी तथा गोधन न्याय योजना से गोबर खरीदी करके विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पैसा पहुचाने और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम किया गया। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि इस साल धान की अच्छी पैदावार होगी। मैंने स्वयं भी रोड शो के दौरान आपके जिले के खेतों को देखा है। वैसे भी यह जिला सबसे ज्यादा धान उत्पादन वाला जिला है। उन्होंने कहा कि दीवाली पर्व की खुशियों के बीच एक नवम्बर या उससे पहले राजीव गाँधी किसान न्याय योजना की तृतीय किस्त भी खाते में प्रदान कर दी जाएगी, ताकि आपकी दीपावली अच्छे से मन सके। उन्होंने कहा कि राज्य में भूमिहीन कृषि मजदूरों को 7 हजार की राशि दी जा रही है। लघु वनोपज उत्पादनों की खरीदी की व्यवस्था की गई है। इससे किसानों और मजदूरों की आर्थिक स्थिति सुदृढ हुई। छत्तीसगढ़ में खुशहाली आयी है।

नया जिला बना, कोई भुलाएं नहीं- नवगठित जिला सक्ती के उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नया जिला बनाकर एक बड़ी सौगात दी है। उन्होंने जनसमुदाय से गढ़बों नवा छत्तीसगढ़ के सपने को पूरा करने के लिए बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। डॉ. महंत ने कहा कि राज्य में जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विकास कार्य के साथ हितग्राहियों को आर्थिक लाभ हो रहा है। सक्ती जिला बनने के साथ पुरखों का सपना पूरा हुआ है। कार्यक्रम में विधायक रामकुमार यादव और केशव चंद्रा ने भी लोगों को संबोधित किया और सक्ती को जिला बनाये जाने पर सभी को बधाई दी।

विकास कार्यों से मिलेगी सक्ती को नई पहचान- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवगठित जिले सक्ती के शुभारंभ अवसर पर सक्ती जिलेवासियों को 153 करोड़ 6 लाख रूपए के 309 विभिन्न विकास कार्यों का सौगात दी। जिसमें 85 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत के 296 कार्यों का भूमिपूजन और 67 करोड़ 85 लाख 99 हजार रूपए की लागत निर्मित 13 कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, सक्ती जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, सांसद लोकसभा क्षेत्र कोरबा ज्योत्सना चरण दास महंत, संसदीय सचिव चन्द्रदेव प्रसाद राय, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ग्रामीण एवं पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण और विधायक चंद्रपुर रामकुमार यादव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग राजेश्री डॉ महंत रामसुन्दर दास, विधायक जैजैपुर केशव प्रसाद चंद्रा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य शाकंभरी बोर्ड रामकुमार पटेल, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संभाग आयुक्त डॉ. संजय अलंग, पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी, अध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर-चांपा यनिता यशवंत चन्द्रा, कलेक्टर जांजगीर-चांपा तारन प्रकाश सिन्हा, कलेक्टर सक्ती नुपूर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा विजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सक्ती एमआर आहिरे सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे।

पर्यावरण सुरक्षा एवं जलवायु परिवर्तन विषय पर वैकल्पिक प्रश्न उत्तरीय अभ्यास एवं चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

रायगढ़ । कलेक्टर रानू साहू के दिशा निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में आज प्रात: एक निजी स्कूल में The air we share" air for blues skies की थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसी तरह अपरान्ह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चक्रधर नगर में छात्र एवं छात्राओं के जागरूकता हेतु पर्यावरण सुरक्षा एवं जलवायु परिवर्तन विषय पर वैकल्पिक प्रश्न उत्तरीय अभ्यास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिये प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरूस्कार का वितरण किया गया।

शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.राकेश वर्मा द्वारा बताया गया कि पर्यावरण एवं जलवायु प्रदूषण होने से हमारे दैनिक जीवन किस तरह प्रभावित होता है और उनसे होने वाले लक्षण गले में सूजन, अस्थमा, हृद्वय संबंधी रोग, श्वसन संबंधी बीमारियाँ हो सकती है अत: पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने की जानकारी दी गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चक्रधरनगर के प्राचार्य राजेश डेनियल के द्वारा छात्र व छात्राओं से अत्यधिक वृक्षारोपण एवं वृक्षों की सुरक्षा की बात कही गई। इसी कड़ी में डॉ.कल्याणी पटेल के द्वारा छात्र-छात्राओं को वायु प्रदूषण से होने वाले रोग एवं इसके बचाव की जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री ने मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का किया शुभारंभ

- क्षेत्रवासियों का वर्षों पुराना संकल्प पूरा हुआ : भूपेश बघेल

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मनेन्द्रगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने 200 करोड़ 73 लाख रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का फूलमाला, मुकुट पहनाकर, पुष्प वर्षा तथा सरोपा भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने अभूतपूर्व अभिनंदन के लिए क्षेत्रवासियों का आभार जताया और नए जिले की बधाई और शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 9 महीने की 9 तारीख को क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। क्षेत्रवासियों का वर्षों पुराना सपना पूरा हुआ है। यह शुभ दिन इतिहास में दर्ज हो गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चिरमिरी के 100 बिस्तर अस्पताल को जिला अस्पताल बनाने, मनेन्द्रगढ़ के सिद्ध बाबा मंदिर को पर्यटन विभाग द्वारा विकसित करने और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विकास के लिए तीन-तीन करोड़ देने के घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमने अपने कार्यकाल में अब तक 6 जिला और 85 तहसील बनाए। सबसे पहले हमने गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले का गठन किया उसके बाद अन्य 5 जिला का गठन किया। जिले और तहसील बनाने का उद्देश्य प्रशासन को जनता के अधिक करीब लाना है। जितना जिला, तहसील, अनुविभाग कार्यालय जनता के करीब रहेंगे उतनी ही तेजी से और प्रभावी रूप से शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन होगा और युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों को योजनाओं का लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तेजी से विकास के रास्ते में आगे बढ़ रहे हैं। पहले बिजली मध्यप्रदेश से आती थी अब छत्तीसगढ़ में उत्पादित होती है। हमने कर्ज माफी, राजीव गांधी न्याय योजना के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाया। उन्होंने कहा कि लघु वनोपज की सबसे ज्यादा कीमत छत्तीसगढ़ में है। आज हम 65 लघु वनोपज की खरीदी कर रहे है। दुनिया में छत्तीसगढ़ पहला राज्य है जहां गोबर की खरीदी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल की शुरूआत की गई है। वर्तमान में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के 247 स्कूल और 32 हिन्दी माध्यम स्कूल संचालित हो रहे हैं। आगामी सत्र में 422 हाई और हायर सेकेण्डरी को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में उन्नत किया जाएगा। नया रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्कूल खुलेगा, जिसका लाभ छत्तीसगढ़ के बच्चों को मिलेगा।

सुने मकान में चोरी : रिपोर्ट के चंद घंटो बाद आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। थाना चक्रधरनगर में छोटे अतरमुडा में रहने वाला मोहम्मद रईस कौसर (उम्र 42 वर्ष) ने दिनांक 08.09.2022 को उसके घर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि दिनांक 06.09.22 के रात्रि लगभग 08.00 बजे पूरा परिवार खाना खाकर अपने रिस्तेदार के यहां गये थे, जहां से सुबह वापस घर आये तो देखे घर में रखे अलमारी का दरवाजा खुला था और घर अंदर के रखे सभी सामान बिखरा पड़ा था, अलमारी चेक किया तो उसमें रखे आवश्यक दस्तावेज और IDBI, SBI का 3 ATM कार्ड नगदी और नकदी रकम 5,000/- रूपये नहीं था, कोई चोर रात में घर के अंदर घुस कर अलमारी खोल कर चोरी कर ले गया था। रिपोर्टकर्ता मोहम्मद रईस कौसर के रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध नकबजनी का अपराध (धारा 457, 380 IPC) दर्ज कर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक शनिप रात्रे के निर्देशन पर प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन व हमराह आरक्षक अज्ञात आरोपी के पतासाजी के लिये प्रार्थी/रिपोर्टकर्ता मोहम्मद रईस कौसर के साथ उसके घर गये। घर की बारीकी से जांच कर आसपास लगे CCTV कैमरे का फुटेज चेक किये। फुटेज में घटना दिनांक के रात्रि कुछ संदेही देखे गये। चक्रधरनगर की टीम प्रार्थी व मोहल्लेवासियों से पूछताछ कर एक-एक संदिग्ध की जांच किया गया। इस दौरान संदेही अरूण सिदार को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ करने पर चोरी करना कबूल किया जिसके मेमोरेंड पर 3 ATM कार्ड, नकद 1000 रूपये जप्त किया गया है। आरोपी अरूण सिदार (34 वर्ष) निवासी जिला पंचायत चक्रधरनगर को चोरी के अपराध की कायमी के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन, आरक्षक संदीप मिश्रा, विक्कु सिंह, चंद कुमार बंजारे शामिल थे।

डिवाइडर से टकराने के बाद ऑटो और एक्टिवा से भिड़ी स्कूल बस

कोरबा (आरएनएस)। सुरक्षित आवागमन को लेकर लगातार किए जा रहे दावों के बीच शहर में घटनाएं हो रही हैं। मुख्य मार्ग पर रोड डिवाइडर से टकराने के बाद एक स्कूल बस ने ऑटो और एक्टिवा को ठोक दिया। घटना के बाद मौके पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। कोतवाली पुलिस को इस बारे में जानकारी दी गई है।

सिविल लाइन क्षेत्र में संचालित न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल की बस संख्या सीजी 12 एक्स 0334 के चालक की लापरवाही से शुक्रवार को सुबह मुख्य मार्ग पर यह दुर्घटना हुई। बस का चालक इस वाहन को लेकर बरपाली की तरफ जा रहा था। घटना के दौरान इसमें चालक और हेल्पर के अलावा और कोई सवार नहीं था। पुराने बस स्टैंड से 300 मीटर की दूरी पर गोपाल मोदी के पेट्रोल पंप के ठीक सामने यह बस पहले रोड डिवाइडर से जा भिड़ी। इसके बाद सडक़ पर आकर रुके एक सवारी ऑटो को इसने अपनी चपेट में लिया। यह सिलसिला यहीं पर खत्म नहीं हुआ। अगली कड़ी में स्कूल बस में एक एक्टिवा को भी निशाने पर लिया। सुबह-सुबह हुए इस घटनाक्रम से मुख्य मार्ग पर आवाजाही करने वाले लोग सकते में आ गए और कुछ ही देर के बाद यहां जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान बस चालक से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह खाली वाहन लेकर विद्यार्थियों को लेने के लिए बरपाली जा रहा था। उसकी स्थिति को देखते हुए कई प्रकार की आशंका जताई जा रही थी क्योंकि वह सामान्य हालत में ही है लेकिन चालक नहीं से इनकार किया। घटना में नगर निगम की संपत्ति के साथ साथ ऑटो और एक्टिवा को नुकसान हुआ है। इसे लेकर स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया है जिस पर निजी स्कूल के बस चालक के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही गई है।

जांच अभियान पर सवाल शिक्षा सत्र की शुरुआत होने के बाद परिवहन विभाग के द्वारा समस्त स्कूली बसों के वाहनों की फिटनेस जांच करने के लिए विशेष मुहिम चलाई गई थी। उनकी स्थिति का पता लगाने का प्रयास किया गया था और इस आधार पर फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किए गए थे। इस कड़ी में वाहन चालकों की स्थिति को भी आंकने की कोशिश की गई। याद रहे सरकार की व्यवस्था के अनुसार गैर जिम्मेदाराना तरीके से वाहन चलाने और दुर्घटना करने पर वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित करने और एक स्थिति में उन्हें अमान्य करने की कार्यवाही भी की जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU